हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

इस अक्षय तृतीया
ऐसे आभूषण घर लाएँ जिनके साथ आते है...
नौ पवित्र वादे

1 पवित्रता का वादा
हर सोने का आभूषण जो हम देते हैं, **BIS हॉलमार्क्ड** होता है, जो शुद्धता और विश्वास की गारंटी देता है।

2 पारदर्शिता का वादा
आसान और साफ कीमतें, **सोने के रेट, मेकिंग चार्जेस और रत्नों के दाम में पूरी पारदर्शिता।**

3 असली हीरों का वादा
सभी हीरे और रत्न सावधानीपूर्वक चुने जाते हैं **और मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र के साथ आते हैं, जो उनकी प्रामाणिकता की गारंटी देते हैं।**

4 बेहतरीन कारीगरी का वादा
बेहतरीन डिज़ाइन और कारीगरी से बने आभूषण, **जो पीढ़ियों तक संभालकर रखे जा सकें।**




5 उचित मूल्य का वादा
**लाइफटाइम एक्सचेंज** और **बायबैक सुविधा,** ताकि आपको अपने आभूषण का हमेशा **सही मूल्य** मिले।

6 पर्सनलाइज़ेशन का वादा
आपकी **पसंद** और **स्टाइल** के अनुसार **कस्टमाइज्ड ज्वेलरी,** ताकि हर आभूषण आपकी पहचान बने

7 एथिकल सोर्सिंग का वादा
हम **सोना, हीरे और रत्न जिम्मेदारी और नैतिक तरीके** से प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

8 आजीवन सेवा का वादा
खरीद के बाद भी हमारा साथ जारी रहता है। **सफाई, देखभाल, मरम्मत और मेंटेनेंस** सेवाओं के साथ।

9 विश्वास का वादा
**बरसो से क़ायम सबसे क़ीमती -** आपका भरोसा जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी निभाने का हमारा वादा

Chhattisgarh's Most Favourite Jeweller

SUMEET
JEWELLERS

हम गढ़ते हैं विश्वास

RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON | KORBA

follow us on

## खबर संक्षेप

### भाजपा का डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर संगोष्ठी



**बिलासपुर।** भाजपा शहर द्वारा करबला स्थित जिला भाजपा कार्यालय में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा कि शासन की योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिलाने का संकल्प हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिया। संविधान में प्रदत्त नागरिक अधिकारों में समानता, समता मूलक समाज की स्थापना के लिए डॉ.भीमराव अम्बेडकर को भी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा संविधान का निर्माण किया जो हमें हमारे अधिकार प्रदान करता है और उनकी रक्षा करने में सहायक है। संविधान में प्रदत्त अधिकारों को ध्यान में रख कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 21वीं सदी के आधुनिक भारत का निर्माण हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन सतीश सोनकर व आभार तुलसी बघेल ने किया। इस मौके पर प्रदीप कौशिक, गुलशन ऋषि, पूर्व महापौर किशोर राय, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, वाणी राव, महेश चंद्रिकापुरे, पेंगन वर्मा, अजीत सिंह भोगल, देवेन्द्र कौशिक, रितेश अग्रवाल, केके शर्मा, दुर्गेश पाण्डेय, नारायण तावड़कर, मनीश शुक्ला, वैभव गुप्ता, घनश्याम कौशिक, निरजा सिन्हा, शैलेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

### अभाविप का भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण में युवाओं की भूमिका पर चर्चा



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आयाम स्टडी सर्किल द्वारा साइंस कॉलेज में समूह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य विषय "वर्तमान वैश्विक शक्ति-संघर्ष (यूएस-ईरान-इजराइल तनाव) के बीच भारत की स्थिति एवं भविष्य निर्माण में युवाओं की भूमिका" रहा। मुख्य वक्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के पीएचडी स्कॉलर हर्ष राज ने वैश्विक परिदृश्य, कूटनीतिक संतुलन और भारत की रणनीतिक भूमिका को सरल एवं तथ्यात्मक रूप में स्पष्ट किया। इस अवसर पर अभाविप के अतींद्र धर दीवान, राहुल चौहान, प्रणव गौतम सहित वैष्णवी परसाई, नंदिनी कुमारी, सौरभ कुमार मिश्रा एवं अक्षत तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान वैश्विक तनाव के बीच भारत एक "संतुलनकारी शक्ति" के रूप में उभर रहा है, जो न केवल कूटनीतिक स्तर पर बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक शांति के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह भी रेखांकित किया गया कि युवाओं को केवल सूचना प्राप्त करने तक सीमित न रहकर, तथ्य आधारित विश्लेषण और विचारशील दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। लगभग 80 प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता वाले इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में वैचारिक स्पष्टता, समसामयिक समझ एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त किया।

### माँ नष्ठी भवानी मंदिर में रामकथा प्रारंभ, कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़



**बिलासपुर।** माँ नष्ठी भवानी मंदिर शंकर नगर चुचुहिया पारा में पूज्य गुरुदेव श्री चक्र महा मेरु पीठम श्री श्री श्री सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के सानिध्य में रामकथा एवं शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो श्रध्दालु शामिल हुए। इस यात्रा में झांकी, बैंड बाजा आकर्षण का केन्द्र रहा। श्री पूज्य गुरुदेव का स्वागत किया गया किया गया एवं साथ में चलने वाली महिलाओं के लिए जगह-जगह ठंडे पानी की व्यवस्था नारियल पानी व भोग प्रसाद की व्यवस्था मोहल्लेवासियों के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में पूज्य गुरुदेव सच्चिदानंद तीर्थ महाराज के द्वारा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश व ग्रामर क्लासेस शिविर कल से

**बिलासपुर।** सर्वांगीण विकास एव रोजगार के अवसर दिलाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट गुप्ता समाज द्वारा नि:शुल्क स्पोकन इंग्लिश क्लासेस व ग्रामर शिविर का आयोजन 20 अप्रैल से किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं बिलासपुर जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने बताया की प्रशिक्षण सुबह 10.30 बजे से 11.45 बजे तक रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 15 दिनों का है। प्रशिक्षण शिविर मयंक जायसवाल सेंटर आफ इंग्लिश आत्मानंद स्कूल के सामने गर्वमेंट स्कूल गांधी चौक के पास सेंटर में है।

**बिलासपुर से ही मिलेगी कोलकाता की उड़ान** महज 1 से 2 यात्रियों के लिए चलानी पड़ रही फ्लाइट

# अंबिकापुर से नहीं मिल रहे कोलकाता के यात्री, 30 के बाद फ्लाइट चलने में संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल्द ही अंबिकापुर से कोलकाता के लिए चल रही अलायंस एयर की फ्लाइट बंद हो सकती है। मई में फ्लाइट की बुकिंग बंद है। यात्रियों की कमी के चलते फ्लाइट बंद होने की आशंका बनी हुई है, हालांकि इसकी आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।

अंबिकापुर से कोलकाला के बीच चलाई जा रही फ्लाइट को झटका लग रहा है। यात्रियों की कमी के चलते अलायंस एयर को बढ़ा नुकसान उठाना पड़



रहा है, जिसके चलते अलायंस एयर की वेबसाइट पर 30 अप्रेल के बाद की फ्लाइट नहीं है। अंबिकापुर से रोजाना 1 से 3 यात्रियों के द्वारा ही कोलकाता की फ्लाइट चलाई जा रही थी, 72 सीटर विमान में महज 1 -3 यात्री को लेकर उड़ना अलायंस एयर के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा था, यही कारण है कि फ्लाइट को बंद करना पड़ सकता है लेकिन बिलासपुर से कोलकाता के लिए फ्लाइट चलेगी।

अलायंस एयर की वेबसाइट में बकायदा 30 अप्रैल के बाद की बुकिंग की जा रही है, ऐसे में यह तय है बिलासपुर से फ्लाइट चलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

### बिलासपुर से 45 और अंबिकापुर से 10 यात्री

अंबिकापुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को बिलासपुर से 45 और अंबिकापुर से 10 यात्रियों को लेकर फ्लाइट उड़ी है। वर्तमान में फ्लाइट चल रही है और अलायंस एयर की ओर से फ्लाइट बंद होने की सूचना नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में भले ही यात्री कम थे लेकिन अब प्रचार होने के बाद यात्री धीरे-धीरे बढ़ रहे है। खास बात यह है कि फ्लाइट गुरूवार और शनिवार को चलाई जा रही है। कोलकाता से फ्लाइट सुबह 7.55 बजे बिलासपुर पहुंचती है और 10.25 से उड़ान भर कर वापस कोलकाता जाती है।

निगम द्वारा लगाए गए कुछ मोटर भी खराब हो गए

# मंगला का नया तालाब सूखा, क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार, पार्षद का लोगों ने किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला क्षेत्र के धूरीपारा स्थित नया तालाब पूरी तरह सूख गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में निगम द्वारा लगाए गए कुछ मोटर भी खराब हो गए हैं जिसके कारण पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की परेशानी को लेकर लोगों ने शनिवार को पार्षद का घेराव भी कर दिया। पार्षद रमेश पटेल सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दे सके। पार्षद के मुताबिक निगम से कई बार मांग के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जोन आफिस से मरम्मत के लिए प्रस्ताव जरूर भेजा गया है।

शहर के मंगला वार्ड क्रमांक 13 में पीने के पानी को लेकर हालात चिंताजनक हो गए हैं। लोग सुबह-शाम पानी के इंतजार में परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंगला की दीनदयाल कॉलोनी सेक्टर-3 और सेक्टर-4 की टंकी, अलखधाम का मोटर, धुरीपारा तालाब का मोटर, वार्ड कार्यालय के पास लगा मोटर तथा अटल चौक मंगला का मोटर खराब पड़ा हुआ है। इन मोटरों के बंद होने के कारण नियमित जलापूर्ति बाधित हो गई है और कई घरों में पीने के पानी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।



पानी समस्या को लेकर पार्षद से चर्चा करते स्थानीय नागरिक।



मंगला का तालाब सूखा, पानी के लिए भटक रहे लोग।

### सुधार नहीं तो समस्या और विकराल होगी

वार्डवासियों की परेशानी को देखते हुए वार्ड पार्षद रमेश पटेल द्वारा फिलहाल टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, लेकिन यह व्यवस्था स्थायी समाधान नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोटर खराब होने की जानकारी नगर निगम के प्रशासनिकअधिकारियों को पहले ही दे दी गई है, इसके बावजूद अब तक समस्या का ठोस समाधान नहीं किया गया है। वार्ड के लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मोटरों की मरम्मत या नई व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ पानी की समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

### तालाब सूखने के कारण वाटर लेबल नीचे

इधर मंगला क्षेत्र के धूरीपारा स्थित नया तालाब पूरी तरह सूख गया है। यह तीन एकड़ का तालाब क्षेत्र में निस्तारी के काम आता है। गौरतलब है कि वार्ड की कुल जनसंख्या करीब 15 हजार है। निगम में शामिल होने से पहले पंचायत रहने के दौरान तालाब का गहरीकरण, पीचिंग और दूसरे काम कराए गए थे। इसके बाद लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। अब तालाब सूखने के कारण क्षेत्र का वाटर लेबल भी काफी नीचे चला गया है। लोगों के मुताबिक टैंकर से पानी सप्लाई भी काम नहीं आ रही है।

## दो ठेकेदार से मारपीट कर 80 हजार की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मजदूर दिलाने का झांसा देकर दो ठेकेदारों को सूनसान इलाके में लेकर मारपीट कर 80 हजार रुपए लूटकर युवक भाग गए है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

कोनी पुलिस के अनुसार मध्य प्रदेश पन्ना निवासी शाहनगर पिपिरया निवासी दशरथ कुमार द्विवेदी पिता शिवकुमार छत सेट्रींग का ठेके में लेकर काम करते हैं। साइट में काम करने के लिए उन्हें 25 मजदूरों की जरूरत थी। 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे उन्हें फोनकर करन नामक व्यक्ति ने बताया कि वे लोग छड़ का काम करते हैं। उनके पास 30 से 35 मजदूर हैं काम है तो बताया बोला। वे अपने दोस्त संजय उमलिर्या के साथ 15 अप्रैल को बिलासपुर आए। वीरू नामक व्यक्ति ने फोन कहां करन का भाई बोल रहा हैं मंदिर चौक आ जावो। वे लोग मंदिर चौक गए तो दोनों युवक आटो में बैठकर कोनी अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के पास सूनसान जगह पर उतरे। बीरू, मनोज और प्रकाश ने मजदूरों को ले जाने और खाने का खर्चा 35 हजार रुपए बताया। वह जेब से 35 हजार रुपए निकालकर गीन रहे थे। इसी दौरान युवकों ने उनके साथ मारपीट कर 35 हजार रुपए लूटकर भाग गए। इसी तरह अभय सिंह उईके, प्रकाश, मनोज एवं अन्य साथियों ने बिहार मुजफ्फरपुर सरैया निवासी ठेकेदार सुनील कुमार यादव को 14 अप्रैल को छड़ का काम करने के लिए मजदूर दिलाने बुलाकर कोनी पॉलिटेक्निक कालेज के पास मारपीट कर बेग को लूटकर भाग गए। बेग में 75 हजार रुपए नकद व आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे। पुलिस ने दोनों मामले में लुटेरों के खिलाफ बीएनएएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### भय दिखाकर ग्रामीण से 13 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** पोर्न फिल्म देखने पर अपराध कायम होने का भय दिखाकर एक ग्रामीण से 12 लाख 63 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। साइबर सेल के सहयोग से 5 लाख रुपए होल्ड करा दिया गया है।



कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया, लारीपारा निवासी विजय साहू के पास अननोन मोबाइल नम्बर से फोन आया। उसने अपने आपको पुलिस वाला बताकर कहा वे नाबालिग बच्चों की पोर्न फिल्म देख रहे थे, उनके खिलाफ अपराध कायम होगा। पुलिसिया कार्रवाई से बचना चाहते है तो उनके बताए गए बैंक खाते नम्बर पर पैसा ट्रांसफर करें। उसके बाद कई तरह की जांच का बहाना बनाकर अलग अलग किश्तों में 12 लाख 63 हजार रुपए ट्रांसफर कराकर आनलाइन ठगी कर ली गई है। श्री साहू ने घटना की शिकायत साइबर सेल में की। साइबर सेल के सहयोग से बताए गए बैंक खातों में 5 लाख रुपए होल्ड करा दिया गया है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चोरी: प्रार्थी के नाबालिग बेटे, दोस्त खरीददारों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** 80 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी कर बेचने के मामले में पुलिस ने प्रार्थी के नाबालिग बेटे, दोस्त व दो खरीददारों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पूर्व में आसमा सिटी निवासी सतीश मिश्रा द्वारा उनके घर से 75 से 80 लाख रुपए के सोने के जेवर चोरी होने की शिकायत की गई थी। जांच में पाया गया प्रार्थी के नाबालिग बेटे ने अपने घर से सोने के जेवर चोरी करने के बाद अपने दोस्त तनय राय के साथ मिलकर चोरी के जेवर को दयालबंद निवासी प्रियांशु पनिकर व सरकण्डा निवासी गोपाल सोंधारा के पास बेचा है। पुलिस ने प्रार्थी के नाबालिग बेटे, उसके दोस्त व दोनों खरीददारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2, 317, 2, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है।

### रेलवेकर्मी के सूने घर से 4 तोला सोने के जेवर, 50 हजार रकद ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** बीती रात रेलवेकर्मी के सूने घर में चोरों ने धावा बोलकर 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। तारबाहर कंट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी मनीष कुमार साहू ने बताया, 17 अप्रैल की रात 8.30 बजे तक वे घर में थे। उसके बाद घर के दरवाजे में ताला लगाकर शादी में शामिल होने चिंगराजपारा चले गए। शादी के बाद वे रात में रिश्तेदार के घर सिरगिट्टी जाकर सो गए। 18 अप्रैल की सुबह 9 बजे अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और आलमारी के लाकर से 4 तोला सोने के जेवर व 50 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। श्री साहू ने बताया, उनके घर के पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है और कबाड़ी बिनने वालों का आना जाना लगा रहता है।

### प्रशासन ने प्रतिबंध के बाद बोर खनन मशीन और वाहन जब्त

**बिलासपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में गिरते भू जल को देखते हुए बोर खनन पर इसी महिने से प्रतिबंध लगाया है। बावजूद इसके बोर खनन का काम चल रहा है। सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम ने तुरकाडीह में छापामार कार्रवाई करते हुए बोर खनन के दौरान मशीन वाहन को जब्त कर लिया है। जिले में गिरते भू-जल स्तर व पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने नलकूप खनन, ट्यूबवेल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने इस संबंध में 6 अप्रैल को आदेश जारी करते हुए 30 जून तक के लिए बोर खनन पर प्रतिबंध लगा दिया है। सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम तुरकाडीह में अवैध बोर खनन की सूचना मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर मशीन वाहन को जब्ती बना लिया है। सकरी तहसीलदार, सकरी थाना प्रभारी, थाना स्टाफ, हल्का पटवारी की संयुक्त टीम तुरकाडीह में छापा मारा।

## करही प्रायमरी स्कूल में शनिवार को लटका ताला

**बिर्रा।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार 20 अप्रैल से स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। इधर जैजैपुर ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला करही में शनिवार 18 अप्रैल को ही ताला लग गया।
विकासखंड जैजैपुर में इन दिनों शिक्षा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की लापरवाही दिखाई दे रही है। इसका ताजा उदाहरण शासकीय प्राथमिक शाला करही में 18 अप्रैल शनिवार को सुबह 8 बजे देखने को मिला। विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ था। जिम्मेदार प्रधान पाठक और यहां पर पदस्थ शिक्षिका अपने विद्यालय से नदारत थी। यहां पर जिम्मेदार प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला और शिक्षिका ममता बाई बंजारे नहीं पहुंचे। स्कूल पहुंचे छोटे-छोटे बच्चे बैरंग उल्टे पांव अपने अपने घर को चले गए। उल्लेखनीय है कि बढ़ती गर्मी के चलते छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार 20 अप्रैल से स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। इधर करही के प्रायमरी स्कूल के शिक्षकों ने शनिवार 18 अप्रैल को ही स्कूल में ताला जड़ दिया।

### संजू को मिली 50 लाख की प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली संजू देवी को राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी खिलाड़ी को इतनी बड़ी प्रोत्साहन राशि दी गई है।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने आज नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह राशि सौंपी। श्री साव ने इस दौरान बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी क्लब को कबड्डी मैट भी प्रदान किया। संजू को उनके शानदार खेल की वजह से पिछले साल नवम्बर में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्वकप में मोस्ट वेल्युबल प्लेयर चुना गया था। कबड्डी विश्वकप के फाइनल में भारत को मिले 35 प्वाइंट्स में से 16 प्वाइंट्स अकेले संजू ने दिलाए थे।

### छग पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**बिलासपुर।** छग अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस कर्मचारी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें पेंशनर्स कार्यालय में प्रत्येक माह की 10 तारीख को शाम 5 बजे मासिक बैठक होने, उस माह जन्म लेने वाले पेंशनर्स का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया गया। 17 मई को जांजगीर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में शामिल होने बिलासपुर जिला से लगभग 100 पेंशनर साथी शामिल होंगे। समारोह में पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू करने, शासन के तीर्थ यात्रा योजना में पेंशनरों को शामिल करने, केंद्र के पेंशनरों को देय तिथि से राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देने आदि प्रस्ताव पारित करते हुए मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया। आज के कार्यक्रम में 10 से अधिक सेवानिवृत्ति कर्मचारियों ने पेंशनर्स एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर बिलासपुर जिला अध्यक्ष राजकुमार मिश्र , नंद कुमार साहू,एल पी श्रीवास , उमर कुरैशी, योगेश्वर सिंह क्षत्री , कुलदीप सिंह ठाकुर, विनोद शर्मा,डा प्रदीप राही, निरंकार तिवारी, अश्विनी मिश्रा,डी एन कश्यप,सी पी वाजपेई, राजीव कस्तूरे, कोमल पटनवार, राजेंद्र पांडेय, राजेंद्र गुप्ता, आशा सुबोध, सी एक्का, जी आर चंद्रा, पी आर यादव आदि शामिल थे।

## एजुकेशन प्लस

### होली क्रास स्कूल लालखदान में सीबीएसई 10 वीं के टॉपर्स छात्रों का सम्मान




**बिलासपुर।** होली क्रास स्कूल लालखदान में सीबीएसई 10वीं के टॉपर्स के छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ सिस्टर क्लेरिटा डिमेलो ने कहा कि विद्यार्थियों की यह शानदार सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी टॉपर्स को विद्यालय का गौरव बताया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के टॉपर्स अनिमेष साहू, (95.8%) जयंत कुमार, (95.6%) अमन कश्यप (94.4%), तेज कुमार(94.8%), अरमान बंजारे(92.4%), आयुष सूर्या, (89.2%) सिद्धांत श्रीवास्तव (89%). एवं अनुष्का पांडे (89%)आदित्य बर्मन, प्रतीक राज(90%) को मंच पर आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 10 वीं बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**सरगांव।** त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के कक्षा 10 वीं के छात्रों ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा श्रेया सिंह सुपुत्री सनत कुमार ठाकुर ने 90 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय में प्रथम रही।

अंकित सोनी पुत्र बुद्धेश्वर सोनी को 80 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ दूसरा स्थान मिला। रुद्र प्रताप मिश्रा सुपुत्र सूर्यप्रताप मिश्रा ने 75 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ तीसरा स्थान पाया। सार्थक जायसवाल सुपुत्र सुरेश प्रसाद जायसवाल ने 74.33 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ चौथा स्थान और ईशान तंबोली सुपुत्र ध्रुव कुमार तंबोली ने 73.67 प्रतिशत प्राप्तांकों के साथ पंचम स्थान अर्जित किया। स्कूल के प्रबंध संचालक राजेश त्रिवेदी, प्राचार्य सुशांत स्वपन, देवनाथ एवं शिक्षकों ने सभी छात्र छात्राओं को सफलता पर बधाई दी। श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस वर्ष से शिक्षा के कई बेहतर प्रकल्प जैसे स्थानीय स्तर पर नीट जेईई की कोचिंग, कैरियर गाइडेंस की क्लासेज,स्मार्ट क्लासों की संख्या में वृद्धि एवं कुशल शिक्षकों की नियुक्ति कर एक श्रेष्ठतम शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया। विद्यालय का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। द्वितीय प्रयास के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

### बचपन स्कूल में समर कैंप कल से कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश शुरू


**बिलासपुर।** मंगला चौक स्थित बचपन स्कूल में प्ले ग्रुप से लेकर केजी- 2 तथा कक्षा 1 से 8 तक प्रवेश लिया जा रहा है।

प्राचार्य ने बताया कि इसके अन्य शाखा सरकण्डा में प्लेग्रुप से लेकर केजी 2 तक प्रवेश प्रारम्भ है। गतौरी स्थित वचपन प्ले स्कूल व अचीवर्स पब्लिक स्कूल कक्षा से । से XI तक प्रवेश लिया जा रहा है । अपने बच्चे के उज्वल भविष्य के लिए प्रवेश सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय आकर करा सकते हैं। मंगला स्थित वचपन प्ले स्कूल में ग्रीष्म कालीन कैंप 20 अप्रैल से 9 मई तक किया जा रहा है जिसमें बच्चों के सर्वाङ्गीण विकास पर्सनालिटी डेव्लपमेंट, योगा, खेलकूद , डांस, संगीत, स्पोकन इंग्लिश स्टोरी टेलिंग ड्राइंग, फन गेम्स ऑर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, पूल पार्टी एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियां प्रशिक्षित शिक्षिकाओं द्वारा प्रदान की जाएगी । छात्रों का पंजीकरण मंगला स्थित कार्यालय में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा।

## नोटिस देने पहुंचे पंचायत सचिव पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चाम्पा।** प्रधानमंत्री आवास की राशि पाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले को नोटिस देने पहुंचे पंचायत सचिव की पिटाई कर दी गई। मामले में बलौदा पुलिस ने सचिव पर हमला करने वाले को गिरफ्तार कर लिया है।

बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमा में शासकीय कार्य के दौरान पंचायत सचिव के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुरमा निवासी अजय कुमार खूटे (36 वर्ष) को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 40 हजार रुपये की प्रथम किस्त प्राप्त हुई थी, लेकिन उसने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। इस पर



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा नोटिस जारी किया गया था। पंचायत सचिवअपने सहयोगियों के साथ 7 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे नोटिस तामील कराने अजय कुमार खूंटे के घर पहुंचा। इस दौरान अजय कुमार ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सचिव वापस लौटने लगा, तब आरोपी ने घर से बाहर आकर उन्हें रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया।

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

6
आग को काबू करने किया गया मॉक ड्रिल, सुरक्षा के बताए गए उपाय


## खबर संक्षेप

### अधिवक्ता रविन्द्र बने छग स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष



**कोरबा।** अधिवक्ता रविन्द्र कुमार पाराशर को छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया है। पूर्व में भी उनके द्वारा स्टेट बार में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया गया है। श्री पाराशर न केवल स्थानीय बार एसोसिएशन, बल्कि प्रदेश के अधिवक्ताओं के बीच अपनी एक खास जगह बनाई है। उनके अध्यक्ष बनने से राज्य के हजारों वकीलों को एक अनुभवी और संवेदनशील नेतृत्व मिला है। अपने दीर्घकालिक करियर में रविंद्र कुमार पाराशर ने हमेशा अधिवक्ताओं के हितों और न्यायपालिका की गरिमा को सर्वोपरि रखा है। उनकी कार्यशैली और अनुशासन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है। अधिवक्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मतदाताओं ने उन पर भरोसा जताते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

### आज शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण का होगा शुभारंभ



**कोरबा।** शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी के सौजन्य से जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी के पीआरओ सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण अप्रैल से जून माह तक किया जाएगा, जिसका शुभारंभ 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारियों, पार्षद सहित आमजनों को आमंत्रित किया गया है।

### श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दिव्य दर्शन कार्यक्रम 24 से

फोटो 18 केआरबी 6

कोरबा। घंटाघर ओपन थिएटर में 24 अप्रैल को शाम 6 बजे से 9 बजे तक श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दिव्य दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति ने जानकारी दी है कि यह दिव्य शिवलिंग पहली बार की पावन धरती पर दर्शन हेतु लाया जा रहा है। इससे क्षेत्रवासियों में उत्साह, श्रद्धा और आनंद का वातावरण है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल प्रचार, जनसंपर्क, वाहन प्रचार, भजन आमंत्रण, पत्रक वितरण एवं अन्य माध्यमों से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर भव्य सज्जा, भक्तिमय वातावरण, शिव आराधना, ध्यान सत्र एवं सामूहिक प्रार्थना का आयोजन भी किया जाएगा। परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालु इस दुर्लभ अवसर का पुण्य लाभ ले सकते हैं। आयोजन समिति ने समस्त नागरिकों, मातृशक्ति, युवाओं, वरिष्ठजनों एवं धर्मप्रेमी समाज से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

### अग्रवाल सभा का चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया आज

कोरबा। अग्रवाल सभा के चुनाव 2026-28 के चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि चुनावी प्रक्रिया में 19 अप्रैल के दोपहर 12 बजे नामांकन पत्रों का विक्रय, दोपहर 1 बजे तक नाम नामांकन पत्रों दाखिल किया जाएगा। दोपहर 2 बजे तक नाम नामांकन पत्रों का निरीक्षण एवं सूची का प्रकाशन, दोपहर 4 बजे तक नाम वापसी पश्चात अंतिम प्रत्याशियों की सुची का प्रकाशन 21 अप्रैल अग्रसेन भवन में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा।

# कसनिया सब स्टेशन से जगी थी उम्मीद, फिर भी कटघोरा की विद्युत व्यवस्था चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अलग खबर

गर्मी की शुरुआत होते ही कटघोरा नगर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिन हो या रात, लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि हर कुछ घंटों में बिजली गुल हो जाती है, जिससे न केवल घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहा है बल्कि व्यापार, पढ़ाई और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों में बढ़ती नाराज़गी साफ दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद करता है, लेकिन उसके बावजूद व्यवस्था में कोई सुधार नजर नहीं आता। बार-बार की कटौती और बिना सूचना के

## जल्द नहीं सुधरी व्यवस्था तो क्षेत्रवासियों ने घेराव की दी चेतावनी

**खास बातें**

- बिजली बंद होने से व्यापार, पढ़ाई के साथ साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ने लगा है असर



बिजली जाने से लोगों का धैर्य जवाब देने लगा है। कटघोरा क्षेत्र में कासनिया में नया सब-स्टेशन बनने के बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि बिजली समस्या से राहत मिलेगी, लेकिन स्थिति इसके उलट और भी बदतर हो गई है। नागरिकों का कहना है कि पहले जितनी परेशानी थी, अब उससे ज्यादा झेलनी पड़ रही है। शहर की स्थिति जब इतनी खराब है तो ग्रामीण इलाकों की हालत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। गांवों में बिजली कटौती की अवधि और भी लंबी बताई जा रही है, जिससे किसानों और आम ग्रामीणों की परेशानियां कई गुना बढ़ गई हैं। क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उनका आक्रोश सड़कों पर उतर सकता है। अब देखना यह है कि बिजली विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी जल्दी सुधार पाता है या फिर कटघोरा के लोगों को आने वाले भीषण गर्मी के दिनों में इसी तरह अंधेरे और परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## आउटर की दुकानों में नहीं हो पा रही है आपूर्ति

# प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब की पहली खेप पहुंची फिर भी ज्यादातर दुकान ड्राई, विदेशी की बढ़ी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्लास्टिक बोतल से देशी शराब की सप्लाई शुरू हो चुकी है। प्लास्टिक की बोतल में शराब की पहली खेप शराब दुकानों में पहुंच

**खास बात**

- जिले में देशी की 21 दुकानें होती हैं संचालित जिसमें से 3 से 4 ही है शराब

चुकी है। अब भी जिले की ज्यादातर देशी शराब दुकानों में पर्याप्त स्टाक नहीं है। जिसकी वजह से देशी मदिरा प्रेमियों को खासा पेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देशी शराब नहीं मिलने पर मदिरा प्रेमी अब विदेशी शराब की ओर रूख कर रहे हैं। जिसकी वजह से विदेशी शराब की बिक्री में इजाफा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आबकारी के नए अधिनियम के तहत देशी विदेशी शराब दुकानों में शराब की सप्लाई कांच की बोतल की जगह प्लास्टिक की बोतल में की जानी है। 1 अप्रैल से इस अधिनियम के तहत प्लास्टिक की बोतलों में शराब की खेप पहुंचनी थी, लेकिन कंपनी द्वारा शराब की खेप नहीं पहुंचा जा सकी। जिसके चलते पुराने स्टाक से ही काम चल रहा था। आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि मौजूदा स्थिति में जिले के देशी के 21 दुकानों में से तीन से चार दुकानों में ही शराब का स्टाक है। जबकि बाकी शेष दुकानें लगभग ड्राई हो चुकी हैं। बताया जाता है कि प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब की पहली खेप शहर पहुंच चुकी है। जिससे शहर के दुकानों में आपूर्ति की गई है। जबकि आउटर के दुकानों में अभी यह स्टाक नहीं पहुंच पाया है। शाम होते ही मदिरा प्रेमी देशी शराब खरीदने के लिए दुकान तो पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें देशी शराब नहीं मिलने पर निराशा हो रही है और वे अब विदेशी शराब की तरफ रूख करने लगे हैं। सूत्र बताते हैं की पिछले एक हफ्ते के दौरान विदेशी शराब की बिक्री में जबरदस्त उछाल देखा जा रहा है। बताया जाता है कि आबकारी विभाग लगातार देशी शराब की डिमांड कंपनी से कर रहा है लेकिन शराब नहीं आने के चलते स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। जल्द ही कंपनी द्वारा देशी शराब की सप्लाई नहीं की गई तो निश्चित तौर पर स्थिति और भी बिगड़ सकती है। हालांकि कंपनी ने अब प्लास्टिक की बोतलों में शराब सप्लाई का सिलसिला शुरू कर दिया है यदि सप्लाई निरंतर होती रही तो दो-चार दिनों में सप्लाई ठीक होने की उम्मीद जताई जा रही है।



प्लास्टिक की बोतल में देशी शराब।

## ग्राहकों को हो रही है निराशा

जिले में देशी विदेशी शराब की प्रतिदिन बिक्री लगभग डेढ़ करोड़ के लगभग होती है। जिसमें 50 से 55 लाख की बिक्री प्रतिदिन देशी शराब की होती थी। इन दिनों देशी शराब की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने के चलते उसकी बिक्री बहुत कम हो चुकी है। अब शाम होते ही मदिरा प्रेमी देशी शराब दुकान पहुंच रहे हैं और उन्हें लगातार मदिरा नहीं मिलने के चलते निराशा हाथ लग रही है। ऐसे में अब उन्हें मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। क्योंकि उन्हीं शराब की शौक पूरा कने के लिए विदेशी शराब खरीदनी पड़ रही है। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

# तीन ट्रेलर व कार के बीच भिड़ंत, बड़ा हादसा टला


दुर्घटनाकारित ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में शनिवार की सुबह 3 ट्रेलर व कार के बीच भिड़ंत हो गई। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना में घायल हुए चालकों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कुछ देर के लिए मार्ग बाधित जरुर हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर बांगो पुलिस मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए मार्ग को बहाल किया गया।

जिले के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 पर शनिवार की सुबह करीब 6 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम गुरसिया-जडगा मोड़ के पास तेज रफ्तार वाहनों की टक्कर से स्थिति बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार, अंबिकापुर की ओर से आ रहे दो ट्रेलर आपस में भिड़ गए। इसी दौरान एक ट्रेलर चालक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की गंभीरता उस वक्त और बढ़ गई जब एक अन्य ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।

# आंगनबाड़ी निर्माण कार्य में कोताही ठेकेदार को पड़ी महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण में घटिया सामग्री और गुणवत्ता में भारी लापरवाही का मामला सामने आने के बाद नगर निगम प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे के निर्देश पर दोषी एजेंसी के खिलाफ ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

वार्डवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा आंगनबाड़ी भवन निर्माण में घटिया सीमेंट, कमजोर सामग्री और मानकों की अनदेखी की शिकायत की गई थी। शिकायत मिलते ही निगम प्रशासन ने तत्काल जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद निगम ने निर्माण कार्य को तुरंत प्रभाव से रुकवा दिया। घटिया तरीके से बनाए गए कालम और बीम को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटाया गया, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो सके। नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने स्पष्ट कहा है कि बच्चों से जुड़े मामलों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार हरिश्चंद्र दुबे को पहले भी दो नोटिस दिए जा चुके थे, और अब तीसरी बार नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

## ब्लैकलिस्टिंग और एफआईआर की तैयारी

निगम प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि ठेकेदार की निविदा (टेंडर) रद्द की जा सकती है एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने का प्रावधान है। गंभीरता को देखते हुए एफआईआर दर्ज करने पर भी विचार किया जा रहा है। यह कार्रवाई सुनिश्चित करती है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तय मानकों के अनुसार हो, ताकि बच्चों के लिए सुरक्षित और मजबूत वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। यह कदम राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उठाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बार-बार स्पष्ट किया गया है कि बच्चों, महिलाओं और गरीबों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा।

# एनटीपीसी में 142 प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी कोरबा सामाजिक उत्तरदायित्व एवं समावेशी विकास

**खास बात**

- एनटीपीसी ने चलाया बालिका सशक्तिकरण अभियान

के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए बालिका सशक्तिकरण अभियान का संचालन कर रहा है। यह पहल बालिकाओं को शिक्षा, जागरूकता एवं समग्र विकास के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

एनटीपीसी कोरबा का बालिका सशक्तिकरण अभियान बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं जीवन कौशल विकसित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। संरचित गतिविधियों, मार्गदर्शन सत्रों एवं संवादात्मक शिक्षण के माध्यम से यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करने का प्रयास करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत 16 अप्रैल को एक उपलब्धि हासिल की गई, जब कुल 156 नामांकित प्रतिभागियों में से 142 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह चिकित्सा परीक्षण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रतिभागियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को सुनिश्चित करता है। इस पहल का विस्तार व्यापक स्तर पर किया गया है, जिसके अंतर्गत कोरबा एवं आसपास के क्षेत्रों के 36 विद्यालयों को शामिल किया गया है। यह व्यापक सहभागिता स्थानीय समुदायों के बीच इस कार्यक्रम की बढ़ती स्वीकृति और प्रभाव को दर्शाती है। एनटीपीसी कोरबा के निरंतर प्रयास अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने तथा सामुदायिक विकास में सार्थक योगदान देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। यह पहल समावेशी विकास और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एनटीपीसी की सोच का प्रमाण है।


छात्राओं को जानकारी देती विशेषज्ञ।

## नई औद्योगिक नीति से उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया हुई सरल , निवेश और रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

# गोपालपुर औद्योगिक क्षेत्र जिले के विकास को देगा नई दिशा : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गोपालपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र के अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन केवल एक परियोजना की शुरुआत नहीं, बल्कि कोरबा के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कोरबा के लिए गर्व की बात है, वर्ष 1980 के बाद आज जिले में नवीन औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। लगभग 27 एकड़ भूमि पर 10.59 करोड़ की लागत से विकसित होने वाला यह औद्योगिक क्षेत्र जिले के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा।

उक्त बातें उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने ग्राम गोपालपुर में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु अधोसंरचना विकास कार्यों का भूमिपूजन के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आने वाले दिनों में 23 नए औद्योगिक क्षेत्र प्रावधानित है, जिसमें जिले के रामपुर विधानसभा के ग्राम चाम्पा में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से अब उद्योग स्थापित करने की प्रक्रियाएं सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो गई हैं। भूमि आबंटन की प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन कर दिया गया है। विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए मात्र 1 रुपये में भूमि उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। इसी संकल्प के साथ विकसित छत्तीसगढ़ 2047 और विकसित कोरबा 2047 का लक्ष्य प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीति के अंतर्गत उद्योगों को आकर्षित करने के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। साथ ही, पात्र इकाइयों को विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से कुल निवेश का लगभग 65 प्रतिशत तक सहायता/अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। एमडी श्री कुमार ने बताया नवीन औद्योगिक एरिया विकास की प्रस्तावना से लेकर टेंडर कार्य प्रक्रिया में है। कार्यों को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। नई औद्योगिक नीति के तहत एमएसएमई, नए उद्योगों और स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे विभिन्न प्रकार के उद्योगों को स्थापित करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे। साथ ही, वन क्लिक सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को सरल, तेज और सुगम बनाया गया है, ताकि निवेशकों और उद्यमियों को एक ही मंच पर सभी सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।


भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री देवांगन के साथ लिधायक पटेल, महापौर राजपूत व अन्य।

## स्थानीय युवाओं को मिलेगा रोजगार : अग्रवाल

इस मौके पर सीएसआईडीसी के अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति युवाओं और नवोदित उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जिससे नए उद्योग स्थापित हों और व्यापक रोजगार के अवसर सृजित हों। गोपालपुर के इस नवीन औद्योगिक क्षेत्र में 44 इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे यहां औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी और स्थानीय युवाओं को यहीं पर रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## सामाजिक व आर्थिक विकास को मिलेगी मजबूती

कटघोरा विधायक श्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं और प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, जिससे निवेशक आकर्षित हो रहे हैं और नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि जिले में प्रस्तावित औद्योगिक पार्क से न केवल औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे, जिससे जिले के युवाओं एवं नागरिकों के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

# खबर संक्षेप

## सांसद निधि के कार्यों में टीडीएस कटौती अनिवार्य, विभाग ने जारी किए निर्देश

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत होने वाले व्यय और भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने हेतु कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। जिला योजना एवं सांख्यिकी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब सांसद निधि से स्वीकृत कार्यों के विरुद्ध किए जाने वाले सभी भुगतानों पर टैक्स डिडक्शन एट सोर्स (टीडीएस) और अन्य वैधानिक कटौतियां करना अनिवार्य होगा। नगर निगम, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विभिन्न जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों सहित सभी क्रियान्वयन विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे भुगतान के समय नियमानुसार टैक्स की कटौती सुनिश्चित करें। साथ ही, काटी गई राशि को शासन के खाते में जमा कर उसके प्रमाण पत्र और चालान की प्रति अनिवार्य रूप से जिला योजना कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य शासकीय कार्यों में वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और वैधानिक देयताओं का समय पर निपटान करना है। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है।

## छात्र संघ चुनाव बहाली पर एनएसयूआई ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हरदीबाजार।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के नेतृत्व में छात्र संघ चुनाव बहाली को लेकर निर्णायक पहल करते हुए विधायक प्रेमचंद पटेल को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) मनमोहन राठौर के नेतृत्व में युवाओं में जोश दिख रहा था। इस मौके पर परमेश्वर कौशिक, रवि पटेल, सागर, रवि सिधार, भूपेंद्र सहित प्रधान आरक्षक विजय सिंह एवं पुलिस बल मौजूद रही। ज्ञापन में छात्रों ने साफ कहा कि वर्षों से छात्र संघ चुनाव बंद रहने के कारण उनकी आवाज़ दब रही है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया ठप पड़ी है। अब छात्र संगठन इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। आंदोलन की मुख्य मांगें हैं जिनमें तत्काल चुनाव बहाली प्रदेश के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव तुरंत शुरू किए जाए। निष्पक्ष प्रक्रिया चुनाव पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराए जाए। समयबद्ध कार्यक्रम चुनाव तिथि और प्रक्रिया की शीघ्र घोषणा की जाए।

## सीएससी केंद्रों व आंबा कार्यकर्ताओं के माध्यम से कराई जा रही निःशुल्क ई-केवाईसी

**कोरबा।** महतारी वंदन योजना के सभी पात्र हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार 30 जून तक जिले के चिन्हांकित सीएससी केंद्रों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की आईडी के माध्यम से ई-केवाईसी का कार्य व्हीएलई, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। ई-केवाईसी की सुविधा हेतु सभी चॉइस सीएससी केंद्रों में लैपटॉप एवं बायोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध कराए गए हैं। योजना के अंतर्गत कार्यरत सीएससी-व्हीएलई को सीएससी-एसपीव्ही कार्यालय रायपुर के माध्यम से प्रति पूर्ण कार्य 9.84 रुपये का कमीशन सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान किया जाएगा। हितग्राही अपना ई-केवाईसी आधार कार्ड एवं महतारी वंदन योजना पंजीयन आईडी के साथ नजदीकी सीएससी केंद्र में जाकर करवा सकते हैं। योजना से संबंधित किसी प्रकार की समस्या या शिकायत हो तो कार्यालय के फोन नंबर 8085190563 अथवा 7828183048 पर व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल रिजल्ट रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गेवरा का परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कक्षा 10वीं में कुल 101 विद्यार्थियों में से 14 छात्रों ने 90 प्रतिशत प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उच्च उपलब्धि हासिल की। इस वर्ष पार्थ सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शेखर वर्मा ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया तथा प्रतीक्षा बरेठ ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपना स्थान सुनिश्चित किया। विशेष बात यह रही कि संस्कृत विषय में 5 गणित और कंप्यूटर साइंस में 2 तथा सामाजिक विज्ञान में 1 बच्चे ने सौ में से सौ अंक प्राप्त किये हैं।

# निधन

## दरब सिंह ठाकुर




**कोरबा।** पाली निवासी बिसेन सिंह ठाकुर के पिता दरब सिंह ठाकुर (91 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पाली मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सस्ती बिजली और रोजगार पर फोकस, शुरू हुआ नीलामी का 15वां दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### यह नीमाली बड़ी कंपनियों के अलावा छोटी फर्मों के लिए अवसर



अलग खबर

देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। कोयला मंत्रालय 17 अप्रैल को कमर्शियल कोल माइन ऑक्शन (व्यावसायिक कोयला खदान नीलामी) के 15वें दौर की शुरुआत करेगा। जिसके तहत राज्य के पांच कोल ब्लॉकों को भी नीलामी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए मुंबई में एक स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन (हितधारक परामर्श) का भी आयोजन किया जाएगा, जिसकी थीम आत्मनिर्भर भारत ऊर्जा सुरक्षा के लिए कोयला रखी गई है।

कोयला मंत्रालय का लक्ष्य घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाकर विदेशों से होने वाले आयात को कम करना है। 15वें दौर में कोल मंत्रालय पूरी तरह से खोजी गई और आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों को पेश करेगी। यह नीलामी केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि नए निवेशकों और आधुनिक तकनीक वाली छोटी फर्मों के लिए भी एक बेहतरीन अवसर है। खदानों को निजी हाथों में देने का मकसद सेक्टर में पारदर्शिता लाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। वर्ष 2020 में शुरू हुई कमर्शियल माइनिंग की नीति ने कोयला क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। जब देश में कोयले का उत्पादन बढ़ेगा, तो बिजली, स्टील और सीमेंट जैसे मुख्य उद्योगों को कच्चा माल आसानी से और सस्ते दामों पर मिल सकेगा। इससे न केवल उद्योगों की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि आम जनता को भी सस्ती और बिना रुकावट वाली बिजली मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। साथ ही, इन खदानों के शुरू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के हजारों नए मौके पैदा होंगे। देश की ऊर्जा मांग तेजी से बढ़ रही है, वर्तमान में, हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशों से महंगा कोयला खरीदना पड़ता है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सरकार चाहती है कि हम अपनी जरूरतों के लिए खुद के संसाधनों पर निर्भर रहें। नीलामी का यह नया दौर निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और देश के ऊर्जा इकोसिस्टम को और अधिक मजबूत और लचीला बनाएगा। नीलामी का यह पारदर्शी ढांचा निवेशकों को आकर्षित करने में सफल रहा है। इससे पहले हुए राउंड्स में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिससे घरेलू उत्पादन में सुधार देखा गया है। सरकार की कोशिश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने की आसानी को बढ़ावा देना है, ताकि कोयला क्षेत्र में एफिशिएंसी आए और देश को लंबे समय तक सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिलती रहे।

### लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने शुरू किया पेयजल सेवा का कार्य

# गर्मी में पानी पिलाना पुण्य का कार्य : पवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




प्याऊ का शुभारंभ करते अतिथि एवं उपस्थित क्लब के पदाधिकारी।

भीषण गर्मी को देखते हुए, आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लायंस क्लब कटघोरा-छुरी के द्वारा इस वर्ष भी शीतल पेयजल सेवा कार्य का शुभारंभ किया गया है। इस जनहितकारी पहल का शुभारंभ अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर क्लब के सचिव प्रकाश अग्रवाल बताया कि नगर में इन दिनों तापमान में लगातार बढोतरी देखी जा रही है जिसको देखते हुए क्लब के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 माह के लिए आज इस शीतल पेयजल प्याऊ का शुभारंभ की गया है। निश्चित ही आने जाने वाले सभी नागरिकों को इसका लाभ प्राप्त होगा मुख्य अतिथि पवन अग्रवाल ज्योति ने कहा कि नगर में लगातार बढ़ते तापमान के कारण आमजन, विशेषकर राहगीरों, श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में लायन्स क्लब द्वारा की गई यह पहल वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम वर्ग को भी आगे आकर इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों में सहभागिता निभानी चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को राहत मिल सके। क्लब के संरक्षक व डिस्ट्रीक्ट पी आर ओ अजय धनोंदिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि लायन्स क्लब सदैव सेवा कार्यों के लिए तत्पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण गर्मी में राहगीरों को ठंडा पानी,शीतल पेय एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना क्लब का मुख्य उद्देश्य है। आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही इस प्रकार के कार्यक्रम सफल हो पाते हैं। उन्होंने समाज के अन्य संगठनों से भी अपील की कि वे आगे आकर जनहित में कार्य करें और जरूरतमंदों की मदद करें। इस अवसर पर पत्रकार संदीप चौबे,दिनेश बंसल सहित क्लब के संरक्षक व डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ अजय धनोंदिया,सचिव प्रकाश अग्रवाल,डॉ गोपाल बन गोस्वामी,राकेश शर्मा,सुधीर पाण्डेय,मुकेश मोटवानी,लव अग्रवाल सहित सभी सदस्यगण एवं नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में मनाया गया पोषण पखवाड़ा




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 9 से 23 अप्रैल तक मनाए जा रहे 8वें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोदग्राम भाटापारा में जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव संरक्षण और रासेयो के पुरुष एवं महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ केके दुबे, श्रीमती अंजली के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिसमें पोषण, संतुलित आहार, स्वास्थ, खेल आधारित शिक्षा और बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले 6 वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क का अधिकतम विकास रहा, साथ ही पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ केके दुबे ने बताया कि जन्म के बाद मां का दूध, हरी सब्जियां, दाल, फल आदि पर ध्यान देने का आग्रह किया। महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली ने बताया कि कैसे बच्चों में स्क्रीन टाइम को कम करना है। कैसे बच्चों को खेल आधारित शिक्षा देना है। गर्भावस्था के समय कैसी संतुलित आहार लेना है इसके बारे में जानकारी दी। इस अभियान के सफल आयोजन में स्वयंसेवकों संजना राठौर, मयंक, आयुष, हिंगलेश्वरी, सुमन, दिव्यानी, मोनू गुप्ता, अंशु, अभिषेक शिवा दीप, बादल शर्मा, दिशु, इशू, प्रियांशु, खुशी मोदी उपस्थित रहे।

# केशलपुर गौठान बना अवैध ईंट निर्माण का केंद्र



अवैध ईंट भट्ठा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशलपुर का गौठान इन दिनों अवैध ईंट निर्माण का केंद्र बन चुका है। जिस गौठान का निर्माण पशुपालन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था, वहीं अब निजी लाभ के लिए इसका दुरुपयोग खुलेआम किया जा रहा है।

गौठान की देखरेख की जिम्मेदारी सरपंच और सचिव पर होती है, लेकिन यहां उनकी भूमिका सवालों के घेरे में है। आरोप है कि उनकी अनदेखी या मिलीभगत के चलते सरकारी संपत्ति का उपयोग अवैध ईंट भट्टे के रूप में किया जा रहा है, जिससे कुछ निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब यह गौठान जंगल के समीप स्थित है। ईंट पकाने के लिए बड़ी मात्रा में लकड़ी खपाई जा रही है, जिससे वन क्षेत्र को नुकसान पहुंच रहा है। वन परिक्षेत्र जटगा की निष्क्रियता भी इस पूरे मामले में स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। वन विभाग और राजस्व विभाग को हो रहे नुकसान के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही। यह मामला केवल सरकारी जमीन के दुरुपयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि पर्यावरणीय क्षति का भी बड़ा कारण बन रहा है। सवाल उठता है कि इस अवैध कारोबार के पीछे किसका संरक्षण है? क्या स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की चुप्पी किसी बड़े गठजोड़ की ओर इशारा कर रही है? पोड़ी उपरोड़ा में अधिकारियों की कथित मेहरबानी का यह एक जीवंत उदाहरण बन चुका है, जहां गायों के लिए बना गौठान अब ईंट भट्टे में तब्दील हो गया है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

# सौंदर्यीकरण पर लगा ग्रहण, डिवाइडर में लगाए पौधों को ही ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- निगम शहर को सजाने संवारने के उद्देश्य से डिवाइडर में लगा रहा पौधा

टीपी नगर क्षेत्र में बीच सड़क से हुई एक चोरी ने निगम के अधिकारियों सहित आसपास के लोगों को चौंका कर रख दिया है भला कोई चोर ऐसा भी करता है। अज्ञात लोगों ने सड़क के बीच डिवाइडर में लगाए गए पौधों को ही उखाड़ कर चोरी कर लिया।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा शहर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ शहर का सौंदर्यीकरण कर इसे संजाने-संवारने की दिशा में नित नये काम किये जा रहे हैं। दूसरी तरफ चोरों की नजर इसे लगती जा रही है। चोरी की यह वारदात मंगलवार तड़के करीब 4 बजे की बताई जा रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह हरकत कैद हुई है। बताया जा रहा है कि तड़के करीब 4 बजे एक इलेक्ट्रिक ऑटो में सवार होकर चार लोग पहुंचे थे। इन लोगों ने डिवाइडर पर कुछ दिन पहले लगाए गए पाम के पौधों में से करीब तीन से चार पौधों को उखाड़ा और ऑटो में भरकर चलते बने। यह चोरी जितनी हास्यास्पद और रहस्यमय बनी हुई है वहीं आश्चर्य इस बात का है कि चोरों की हरकत इतनी गिर चुकी है कि वह अब सौंदर्यीकरण के पौधों को भी चुराने लगे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम के द्वारा सौंदर्यकरण के तहत सीएसईबी चौक से लेकर शारदा विहार तिराहा तक सड़क के किनारे बनी क्यारी को सुरक्षित करने के लिए लोहे की रेलिंग लगवाई गई है। रेलिंग के ऊपर लोहे के नुकीले आकार को गोल्डन पेंट कर सुनहरा रंग दिया गया। इसके लगने के कुछ दिन बाद से ऊपरी भारी हिस्सा नशेड़ियों के द्वारा तोड़-तोड़ कर चोरी किया जाता रहा। इन्हें मुड़ापार और आसपास इलाके में संचालित कबाड़ के दुकानों में बेचकर कुछ रुपए अर्जित कर नशेड़ियों ने अपने नशे के शौक को पूरा किया। शासन के हजारों-लाखों रुपए जहां शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने में खर्च किए जा रहे हैं तो दूसरी तरफ ऐसे कुंठित मानसिकता वाले चोरों और नशेड़ियों की नजर इन्हें लगती जा रही है। बहरहाल, लोहा चोरी करने वाले तो आज तक पकड़ में नहीं आए और ना ही सरकारी लोहा खरीदने वाले कबाड़ियों पर कोई कार्रवाई हुई है। दूसरी तरफ जिन लोगों ने तड़के सरेआम बीच सड़क से पौधों को उखाड़ कर चुराया है, उनकी तलाश में अधिकारी जुटे हुए हैं और पुलिस की मदद ली जा रही है। नगर पालिक निगम द्वारा शहर में सौंदर्यीकरण को नित नये आयाम दिये जा रहे हैं, सड़कों को नया लुक मिल रहा है एवं डिवाईडर ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित हो रहे हैं। डिवाईडरों में हरीतिमा के साथ रंग बिरंगे फूल मुस्कुरा रहे हैं। 10 अप्रैल को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में टीपी नगर से पावर हाउस मुख्य मार्ग क्षेत्र में निगम द्वारा किये गये रोड डिवाईडर प्लांटेशन का लोकार्पण किया था। मुख्य मार्ग साईट डिवाईडर पर 160 पाम के पौधें रोपित कर ग्रीन बेल्ट का स्वरूप दिया गया है। उद्यान अधीक्षक आनंद राठौर ने बताया कि उक्त सम्पूर्ण मार्ग पर निगम द्वारा 6सौ आम के पौधे रोपित किये जाएंगे, ताकि इस सम्पूर्ण मुख्य मार्ग को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित व सुसज्जित किया जा सके।

# बाबा साहेब का व्यक्तित्व जितना व्यापक उतना ही प्रेरणादायी : धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- भाजपा संगोष्ठी में बाबा साहेब को नमन, वरिष्ठों का हुआ सम्मान




कार्यक्रम को संबोधित करते धरमलाल कौशिक एवं उपस्थित पार्टी पदाधिकारी।

जिला भाजपा कार्यालय में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। समाज के वरिष्ठों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, वरिष्ठ पार्षद नरेंद्र देवांगन सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि डॉभीमराव अंबेडकर का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना व्यापक है कि उनके बारे में जितना कहा जाए, वह कम ही है। देश की आज़ादी से पहले भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही और आज़ादी के बाद भी उन्होंने राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक योगदान दिया। कौशिक ने कहा कि जब देश को आज़ादी मिली और अंतरिम सरकार का गठन हुआ, तब पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ऐसे व्यक्तित्वों को मंत्रिमंडल में स्थान दिया जो कांग्रेस विचारधारा से नहीं थे। उनमें एक थे बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर, जिन्हें देश का पहला कानून मंत्री बनाया गया, और दूसरे थे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जिन्हें उद्योग मंत्री बनाया गया। इसके पश्चात 1948 में संविधान निर्माण के लिए जो समिति गठित की गई, उसमें सात सदस्य थे, और उस समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का नाम हम सभी आदर के साथ लेते हैं और उनके विचारों को सदैव अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री रहे और उनके द्वारा निर्मित संविधान का हम सभी निष्ठापूर्वक पालन करते हैं। इस अवसर पर बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. राजीव सिंह, रितु चौरसिया, जोगेश लांबा, पवन गर्ग, संजय शर्मा, अजय विश्वकर्मा, अजय पांडेय, हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे।

# बजरंगी प्रीमियम लीग सीजन- 1 में बालको-11 बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



विजेता टीम को पुरस्कृत करते उद्योग मंत्री।

श्री बजरंगी जनकल्याण समिति वार्ड नंबर 36 नगर निगम क्षेत्र के द्वारा बजरंगी प्रीमियम लीग सीजन 1 पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का संपन्न हुआ। ससमापन समारोह में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थे। अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता व जेपी कोसले राजमंहत, सतनामी समाज मनीराम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति एवं प्रफुल्ल तिवारी, चंद्रलोक सिंह, श्री शर्मा, नरेंद्र पटनवार उपस्थित रहे। फाइनल मैच में निराला 11 एवं बालको 11 के बीच खेला गया और प्रथम स्थान बालको 11 ने हासिल की। जिन्हें 31 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान निराला 11 राजस्व कॉलोनी सिंगापुर रहे। जिन्हें 11 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी भेंटकर आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन कहा कि खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए खेल में हर और जीत लगा रहता है जो हारता है उसे सदैव अपने मन में यह बात जरूर रखना चाहिए कि मैं आने वाले समय में जरूर जीतूंगा और वह सफल होता है और एक दिन वह जरूर जीत हासिल करता है। हमें आशा है कि आने वाले समय में भी इस समिति के द्वारा और कई खेल प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे साथ ही साथ सदैव जनहित कार्य भी करते रहेंगे। प्रतियोगिता में समिति के अध्यक्ष रघुवंशी सोनी, बृजलाल केवट, सतनारायण पटेल, मुनीराम यादव, राम कुमार कर्ष, पुष्पेंद्र कर्ष, यशपाल कंवर, रामेश्वर सूर्यवंशी, राजकुमार प्रजापति, चेतन दास, संजय तिर्की, केशव कुमार, मनहरण टंडन, नेतराम, इंद्रजीत सिंह, अजय कुमार, बीएल निराला का योगदान रहा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


जय जय परशुराम
भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर विशेष
अक्षय तृतीया


भगवान विष्णु के छठें अवतार
भगवान परशुराम जी
के जन्मोत्सव पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...
अध्यक्ष
परशुराम ब्राम्हण समाज, कोरबा
देवेन्द्र पाण्डेय
संरक्षक, परशुराम ब्राम्हण समाज, कोरबा
पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि एवं
ग्रामीण विकास बैंक (अपेक्स)
विनीत : छत्तीसगढ़ परशुराम द्विज परिवार, कोरबा


समस्त जिलेवासियों को
भगवान
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Vivek Pathak
Founding Director and Owner
Swami Vivekanand Group
of Institutions, Semartal, Bilaspur
Director
C.G. Gases & Infrastructure
IND PVT LTD, Chhattisgarh


जय जय परशुराम
समस्त जिलेवासियों को
भगवान
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
रजनीश तिवारी
संयुक्त महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी
छत्तीसगढ़ प्रभारी रायगढ़ जिला


समस्त जिलेवासियों को भगवान परशुराम जयंती
एवं अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय कंवर
भाजपा जिलामंत्री
श्रीमती सावित्री कंवर
जिला पंचायत सदस्य
क्षेत्र क्र.03


समस्त जिलेवासियों को
भगवान
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
बद्री अग्रवाल
युवा भा.ज.पा. नेता


समस्त जिलेवासियों को
भगवान
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती निधि तिवारी
मॉई G फाउंडेशन सोसायटी (NGO)
विनीत : मॉई G फाउंडेशन सोसायटी (NGO) कोरबा (छ.ग.)


समस्त जिलेवासियों को
भगवान परशुराम जयंती
एवं अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरूणीश तिवारी
वरिष्ठ पार्षद, वार्ड क्रं. 13 एवं पी.आई.सी.
मेंबर नगर पालिका परिषद् दीपका
विशाल अग्रवाल
वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता
एवं समाज सेवी
आनंद चौकसे
उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग
मोर्चा भाजपा
सौजन्य : डी डी अग्रवाल, वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता


समस्त जिलेवासियों को
भगवान
परशुराम जयंती एवं
अक्षय तृतीया की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण शर्मा
संरक्षक
सर्व ब्राम्हण समाज
हरीश परसाई
संरक्षक
सर्व ब्राम्हण समाज
हेमंत शर्मा
अध्यक्ष
सर्व ब्राम्हण समाज
राजेंद्र तिवारी
उपाध्यक्ष
सर्व ब्राम्हण समाज

## खबर संक्षेप



### डीएवी जेंजरा के छात्रों ने किया बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटघोरा।** डी.ए.वी. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, जेंजरा के छात्रों ने कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 35 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। मेधावी विद्यार्थियों में कलश सिन्हा ने (97 प्रतिशत) एवं संस्कृत में 100 में 100 सर्वाधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनके साथ रिया देवांगन (96.80 प्रतिशत) एवं संस्कृत में 100 में 100 अंक प्राप्त किया। इसी के साथ ही रवि तेजा रेड्डी ने (93.80 प्रतिशत) परिणीता (92.20) और अदिति दुबे ने (92 प्रतिशत ) अंक हासिल किया है। इसी क्रम में वैष्णवी (90 प्रतिशत), प्राप्ति सिंह (89.60प्रतिशत), कल्पना कंवर (89.40), ईशा चौहान (87.20) एवं आयुष जायसवाल (87प्रतिशत) ने अंक अर्जित किया है। प्राचार्या डॉ. राज रेखा शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम केवल अंकों की सफलता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास की जीत है।

### श्रेया ने दसवीं में प्राप्त किया 97.2 प्रतिशत अंक



**कोरबा।** न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल की मेधावी छात्रा कुमारी श्रेया साहू ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन किया है। श्रेया ने अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने शिक्षकों एवं माता-पिता को दिया है, उन्होंने कहा है कि गुरुजनों के मार्गदर्शन और माता-पिता के प्रोत्साहन के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं होती। श्रेया केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं कलात्मक विधाओं में भी अग्रणी रही है। उन्होंने चित्रकला में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री शासन के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया है। श्रेया की माता श्रीमती नर्मदा साहू प्राथमिक शाला अंधरीकछार में शिक्षिका हैं जबकि उनके पिता घनश्याम साहू डीएसपीएम ताप विद्युत गृह में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## पुलिस परिवार एवं आम नागरिकों को किया गया जागरूक, चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हुई बैठक

# आग को काबू करने किया गया मॉक ड्रिल, सुरक्षा के बताए गए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में जिला पुलिस, फायर एंड सेफ्टी नगर सेना, बालको फायर सेफ्टी एवं विद्युत विभाग द्वारा संयुक्त रूप से फायर सेफ्टी का मॉक ड्रिल एवं विद्युत सुरक्षा अभ्यास का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से आग पर काबू पाने के उपाय बताए गए। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में हुआ> जिसमें आपदा प्रबंधन, समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया।

संयुक्त अभ्यास के दौरान विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक रूप से प्रदर्शन कर उनका समाधान बताया गया, जिसमें गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित रूप से आग बुझाने का लाइव प्रदर्शन, फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का प्रशिक्षण, भवनों में आग लगने पर सुरक्षित निकासी का अभ्यास,



मॉक ड्रिल का प्रदर्शन करते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

धुएं से बचाव एवं प्राथमिक सुरक्षा उपायों की जानकारी, साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा शॉर्ट सर्किट, करंट एवं विद्युत उपकरणों में आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में निवासरत पुलिस परिवार एवं आम नागरिकों को भी शामिल कर उन्हें फायर सेफ्टी एवं विद्युत उपकरणों से होने वाली आगजनी के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें आपात स्थिति में घबराने के बजाय सतर्क रहकर सही कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी एवं नगर सेना के अधिकारियों के मार्गदर्शन में हुआ। अधिकारियों ने इस प्रकार के आयोजनों को जनसुरक्षा की दृष्टि से उपयोगी बताया।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, बिजली हुई बंद



कोरबा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर स्थित साहित्यिक भवन के पास शुक्रवार देर रात बिजली के खंभे में आग लग गई। जानकारी के अनुसार, यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। खंभे के ठीक नीचे एक कार खड़ी थी, जिसे स्थानीय लोगों ने समय रहते हटाकर आग की चपेट में आने से बचा लिया। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस और बिजली विभाग को सूचना दी। बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल व्यवस्था को दुरुस्त किया गया।

### चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हुई बैठक

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें दुकानों एवं औद्योगिक संस्थानों में फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य रूप से लगाने का आग्रह किया गया। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया तथा आगजनी की घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी साझा की गई। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नियमित सुरक्षा जांच एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में प्रत्येक संस्थान एवं घर में अग्निशामक यंत्र अनिवार्य रूप से रखने, विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने एवं ओवरलोडिंग से बचने की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में तत्काल फायर ब्रिगेड एवं पुलिस को सूचना देने कहा गया। साथ ही कर्मचारियों एवं परिवारजनों को बेसिक फायर सेफ्टी प्रशिक्षण देने कहा गया।

### नाली निर्माण में अनियमितता

बालकोनगर। वार्ड क्रमांक 40 अतंर्गत भदरापारा बरगद चौक स्थित नाली निर्माण का कार्य विगत डेढ़ महीने से चला आ रहा है। जिसमें गुणवत्ताविहीन कार्य किया जा रहा है। जिसमें 8 एमएम सरिया से काम किया जा रहा है और छोटे गिट्टी से पीसीसी निर्माण किया जा रहा है। पूरा मिट्टी का मलबा सड़क पर आ गया है। वार्ड के लोगों व पास ही स्थित स्कूल के बच्चों को आवागमन में डेढ़ महीनों से आने-जाने में परेशानी हो रही है।




# फर्नीचर दुकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से मशीनें बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर क्षेत्रांतर्गत परसाभाठा चौक स्थित लक्ष्मी फर्नीचर दुकान में रात्रि के समय छत की शीट तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। परसाभाठा निवासी राजेश कुमार कश्यप ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि एक अप्रैल की सुबह अज्ञात चोरों द्वारा उनकी लक्ष्मी फर्नीचर दुकान की छत में लगी शीट को तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया एवं दुकान से विभिन्न उपकरण चोरी कर ली गई है। इस मामले में बालको थाना प्रभारी युवराज तिवारी व उनकी टीम द्वारा मामले की तहकीकात की जा रही थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर परसाभाठा कांजी हाउस के नीचे निवास करने वाला मुकेश कुमार महिलांगे उर्फ मेडी पिता स्व. कवल प्रसाद महिलांगे उम्र 27 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से 3 रमदा मशीन, 1 बड़ा ड्रिल मशीन, 2 छोटे ड्रिल मशीन, 2 कटर मशीन, 1 ग्राइंडिंग मशीन, 2 हथौड़ी एवं 2 पेचकस सहित अन्य सामानों को जब्त किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



पकड़ा गया चोरी का आरोपी व जब्त सामान।







